पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या-UAHIN/25/A3123 www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 अंक : 273 हल्द्वानी शुक्रवार, 8 मई 2026 मूल्य 1.00 रुपये पृष्ठ: 8

## सड़क न होने से पिनाऊं के ग्रामीण बेहाल

### बीमार बुजुर्ग को 8 किमी स्ट्रेचर पर ले जाना पड़ा

**चमोली।** जिले के दूरस्थ पिनाऊं गांव में सड़क सुविधा का अभाव ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मेजर देव सिंह दानू के गांव पिनाऊं से एक बार फिर स्वास्थ्य व्यवस्था और सड़क कनेक्टिविटी की बदहाल तस्वीर सामने आई। गांव के 68 वर्षीय केशर सिंह दानू की अचानक तबीयत बिगड़ने पर ग्रामीणों को उन्हें स्ट्रेचर के सहारे करीब आठ किलोमीटर पैदल चलकर घेस सड़क तक पहुंचाना पड़ा। वहां से निजी वाहन के माध्यम से उन्हें अस्पताल भेजा गया।

ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2015-16 में स्वीकृत 23



किलोमीटर लंबी धुराधारकोट-वांक-पिनाऊं मोटर मार्ग आज तक नहीं बन सकी है। सड़क निर्माण को लेकर वर्षों से घोषणाएं होती रहीं, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। वर्ष 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत और वर्ष 2018 में त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सड़क निर्माण की घोषणा की थी, लेकिन एक दशक बाद भी गांव सड़क सुविधा से वंचित है।

बीडीसी सदस्य प्रदीप दानू ने बताया कि गांव के मुकेश सिंह, महिपाल सिंह, कुंदन सिंह, लखपत सिंह, लक्ष्मण सिंह और रमेश सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बारी-बारी से स्ट्रेचर उठाकर केशर सिंह को घेस सड़क तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि सड़क न होने के कारण गांव में बीमार मरीजों और गर्भवती महिलाओं को डंडी या स्ट्रेचर के सहारे अस्पताल पहुंचाना मजबूरी बन गया है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से जल्द सड़क निर्माण शुरू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि हर बार केवल आश्वासन मिलते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर काम आगे नहीं बढ़ता।

वहीं भूपाल राम टम्टा ने कहा कि सड़क निर्माण की फाइल वन भूमि पत्रावली निस्तारण के बाद आगे बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग को प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए दोबारा निर्देश दिए।

## आरटीओ ड्राइविंग सेंटर पर प्रशासन का छापा

**हल्द्वानी।** आरटीओ के एक ड्राइविंग सेंटर पर प्रशासन ने छापेमारी कर अनियमितताओं का खुलासा किया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों को कई गड़बड़ियां मिली, जिसके बाद मौके पर ही मामले का संज्ञान लिया गया। बताया जा रहा है कि शिकायतकर्ता ने एडीएम विवेक राय से आरटीओ ड्राइविंग सेंटर में दलाली की शिकायत की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एडीएम स्वयं मौके पर पहुंचे और शिकायतकर्ता को कथित दलाल के सामने पेश कर पूरे मामले की जांच की। जांच के दौरान संबंधित व्यक्ति को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में दोबारा इस प्रकार की दलाली या अनियमितता सामने आई तो संबंधित सेंटर को बंद करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही साफ निर्देश दिए गए कि आम लोगों से अवैध वसूली और दलाली किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद आरटीओ परिसर में हड़कंप मच गया। वहीं आम लोगों ने एडीएम की कार्रवाई को ईमानदारी और पारदर्शिता की मिसाल बताया।

## चंपावत दुष्कर्म प्रकरण: सियासी संग्राम के बीच सच की तलाश

**हल्द्वानी, ( पर्वत प्रेरणा ब्यूरो )।** चंपावत में नाबालिग से कथित दुष्कर्म प्रकरण अब पूरी तरह राजनीतिक अखाड़े में बदल गया है। जिस मामले को लेकर प्रदेशभर में सियासी उबाल देखने को मिला, उसी मामले में पुलिस जांच के बाद नया मोड़ आने से भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने आ गई हैं। भाजपा इसे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की छवि खराब करने की साजिश बता रही है, जबकि कांग्रेस सरकार पर मामले को दबाने का आरोप लगा रही है।

### कांग्रेस बोली-मामला दबाया गया, भाजपा ने बताया षड्यंत्र

पुलिस और मेडिकल रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि न होने के बाद भाजपा हमलावर हो गई है। पार्टी नेताओं का दावा है कि पूरे घटनाक्रम को राजनीतिक षड्यंत्र के तहत तैयार किया गया। भाजपा का आरोप है कि मुख्यमंत्री धामी की बढ़ती लोकप्रियता और सरकार के विकास कार्यों से घबराकर विपक्ष ने यह मुद्दा खड़ा किया।

भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस के पास जनहित के मुद्दे नहीं बचे हैं, इसलिए वह संवेदनशील मामलों को राजनीतिक हथियार बनाकर सरकार को घेरने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने इस प्रकरण को घिनौना षड्यंत्र बताते हुए कहा कि एक नाबालिग और उसके परिवार को लालच देकर पूरे मामले में इस्तेमाल किया गया। वहीं दूसरी ओर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पुलिस जांच पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि शुरुआत में मामला बेहद गंभीर था, लेकिन जैसे-जैसे राजनीतिक दबाव बढ़ा, जांच का रुख बदल दिया गया। विपक्ष का आरोप है कि सरकार अपनी छवि बचाने के लिए मामले को दबाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस का यह भी कहना है कि यदि मामला पूरी तरह झूठा था तो फिर शुरुआती स्तर पर इतनी गंभीर धाराएं क्यों लगाई गईं और प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई क्यों की। पार्टी नेताओं ने निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मामला इसलिए भी ज्यादा संवेदनशील बन गया क्योंकि चंपावत मुख्यमंत्री धामी का राजनीतिक क्षेत्र है। ऐसे में यहां की किसी भी घटना का सीधा असर सरकार और भाजपा की साख पर पड़ता है। कांग्रेस को लंबे समय बाद सरकार को घेरने के लिए एक बड़ा मुद्दा मिला था, लेकिन पुलिस खुलासे के बाद मामला उलझता नजर आ रहा है। हालांकि पूरे विवाद के बीच सबसे बड़ा सवाल अब भी यही है कि आखिर सच्चाई क्या है। क्या यह वास्तव में राजनीतिक षड्यंत्र था या फिर किसी दबाव में जांच की दिशा बदली गई? इसका जवाब आने वाले समय में जांच और कानूनी प्रक्रिया से ही साफ हो पाएगा। फिलहाल चंपावत का यह मामला प्रदेश की राजनीति में नई बहस और आरोप-प्रत्यारोप का केंद्र बन चुका है।

## एक नजर

### जमीनी विवाद में चली गोली, एक घायल

पर्वत प्रेरणा ब्यूरो

**हल्द्वानी।** चंपावत में पुश्तैनी जमीन को लेकर चल रहा विवाद हिंसक हो गया। भैरवा चौराहा निवासी महेंद्र कुमार तड़ागी द्वारा लाइसेंसी शस्त्र से की गई फायरिंग में दिनेश तड़ागी घायल हो गए। दोनों पक्ष आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं और लंबे समय से भूमि विवाद चल रहा था। पुलिस अधीक्षक चंपावत की रिपोर्ट के अनुसार घटना वर्ष 2025 में हुई थी। आरोपी महेंद्र कुमार तड़ागी मूल रूप से लोहारियासाल, हल्द्वानी के निवासी हैं। घटना के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की। जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल ललित मोहन रयाल ने आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17(3) के तहत महेंद्र कुमार तड़ागी के नाम जारी .38 बोर रिवॉल्वर तथा सिंगल बैरल बंदूक के दोनों शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं।

### कोटखाल-जागतोली मार्ग के डामरीकरण कार्य की शुरुआत

**रुद्रप्रयाग।** विधानसभा केदारनाथ अंतर्गत कोटखाल-जागतोली मोटर मार्ग के डामरीकरण निर्माण कार्य की शुरुआत हो गई है। लंबे समय से क्षेत्रवासी इस सड़क के डामरीकरण की मांग उठा रहे थे। विभिन्न सामाजिक मंचों के माध्यम से जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों से सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने की अपील लगातार की जा रही थी, ताकि ग्रामीणों को बेहतर और सुगम आवागमन सुविधा मिल सके।

## मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**रुद्रपुर ।** बीते दिवस जिला अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर न होने के कारण एक महिला की मौत हो गई थी। जिसको लेकर कांग्रेसियों ने जिला अस्पताल में जमकर हंगामा काटा था आज कांग्रेसी ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां उन्होंने प्राचार्य का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया और चरमराई हुई स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर सरकार पर भी हमला बोला। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेसी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने प्राचार्य का घेराव कर कहा की रुद्रपुर में जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज स्थापित है बावजूद यहां पर मूलभूत जरूरत का अभाव है जिस कारण कारण लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि बीते दिवस ऑक्सीजन सिलेंडर न होने के कारण एक बच्चे को जन्म देने के बाद महिला की मौत हो गई जो बेहद



दर्दनाक है । उन्होंने कहा किया सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे करती है लेकिन लोगों को उचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं कर पा रही। उन्होंने कहा की जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में दवाएं भी उपलब्ध नहीं है रोगियों को जगह-जगह भटकना पड़ता है। नगर निगम के पार्षद सौरभ राज बेहड कंधे पर ऑक्सीजन सिलेंडर और चेहरे पर मास्क लगाकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने कहा की यह सरकार हर मामले में विफल साबित हो रही है और जिला अस्पताल तथा मेडिकल कॉलेज सफेद हाथी बने हुए हैं जहां आम रोगियों को भी सही उपचार नहीं मिल पा रहा। उन्होंने कहा कि एक गरीब आदमी बीमार होने के बाद जिला अस्पताल को ही अपना आसरा समझता है लेकिन जो स्थित जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज की बनी हुई है वहां से उसे बेसहारा होकर ही लौटना पड़ता है। इस दौरान अन्य कांग्रेसी भी अपने हाथों में ऑक्सीजन सिलेंडर पकड़े हुए थे । उन्होंने मेडिकल कॉलेज में सरकार और मेडिकल कालेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पार्षद इंद्रजीत सिंह, मोहन खेड़ा, परिमल राय ,उमा सरकार, परवेज खान समेत दर्जनों कांग्रेसी मौजूद थे।

## ट्रेकर्स का पंजीकरण अनिवार्य, बिना सूचना ट्रैकिंग पर होगी कार्रवाई

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ में ट्रैकिंग सीजन के दौरान सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुए जिला पर्यटन विकास अधिकारी द्वारा समस्त टूर ऑपरेटरों एवं ट्रैवल एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी निर्देशों के अनुसार जनपद के विभिन्न ट्रैकिंग स्थलों—मिलम, रालम, सुंदरढूंगा, नामिक, हिसियांग, दारमा वैली, पंचाचूली बेस कैंप, नंदा देवी ईस्ट बेस कैंप, नाभीढांग, लिपुलेख पास, स्यालो बेली, ब्योली टॉप सहित अन्य ट्रैकिंग मार्गों पर जाने वाले सभी ट्रेकर्स एवं पर्वतारोहण दलों का पूर्व पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराया जाएगा।



जिला पर्यटन विकास अधिकारी ने बताया कि ट्रैकिंग/पर्वतारोहण पर जाने वाले दलों की पूर्ण जानकारी, जिसमें नाम, पता, मोबाइल नंबर, आयु एवं आधार संख्या आदि शामिल हों, संबंधित उपजिलाधिकारी, वन विभाग तथा पर्यटन विभाग को पूर्व में उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। जानकारी ई-मेल tourismpithoragarh@gmail.com पर भी भेजी जा सकती है। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि बिना पूर्व सूचना के ट्रैकिंग पर जाने की स्थिति में यदि कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित टूर ऑपरेटर की होगी तथा नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अतिरिक्त मौसम विभाग एवं राज्य आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करना भी अनिवार्य किया गया है। प्रशासन ने सभी टूर ऑपरेटरों एवं ट्रैवल एजेंसियों से ट्रैकिंग गतिविधियों में सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की है।

# सम्पादकीय

## लोकतंत्र में हार-जीत को स्वीकारना भी आवश्यक

पश्चिम बंगाल सहित देश के विभिन्न राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के बाद राजनीतिक वातावरण एक बार फिर आरोप-प्रत्यारोप से गरमा गया है। चुनाव परिणाम लोकतंत्र का उत्सव होते हैं, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तब उत्पन्न होती है जब राजनीतिक दल जनता के जनादेश को सहज रूप से स्वीकार करने के बजाय उसे संदेह और कटुता के चश्मे से देखने लगते हैं। यही स्थिति आज देश की राजनीति में दिखाई दे रही है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति जनता का मत होता है। जनता जिस दल या नेतृत्व को चुनती है, वही सरकार बनाता है और जिसे नकारती है, उसे विपक्ष की भूमिका निभानी पड़ती है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था का मूल सिद्धांत है। किंतु हाल के वर्षों में यह प्रवृत्ति बढ़ी है कि चुनाव परिणाम यदि अनुकूल हों तो उन्हें लोकतंत्र की जीत बताया जाता है और प्रतिकूल हों तो चुनाव आयोग, प्रशासनिक तंत्र अथवा अन्य संस्थाओं पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए जाते हैं। यह प्रवृत्ति स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं कही जा सकती। पश्चिम बंगाल के चुनावों ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि राज्य की राजनीति में जनता की अपेक्षाएँ तेजी से बदल रही हैं। लंबे समय तक चले राजनीतिक संघर्ष, हिंसा, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति से आम मतदाता भी प्रभावित हुआ है। चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न दलों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए, लेकिन अंतिम निर्णय जनता ने अपने मताधिकार के माध्यम से दिया। लोकतंत्र में यही निर्णय सर्वोपरि माना जाना चाहिए। चुनावों के दौरान हिंसा और भयमुक्त मतदान हमेशा एक बड़ी चुनौती रहे हैं, विशेषकर पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में। इस बार सुरक्षा व्यवस्था और चुनाव आयोग की सक्रियता के कारण बड़ी संख्या में मतदाता निर्भय होकर मतदान केंद्रों तक पहुँचे। यह किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है। यदि मतदाता भयमुक्त होकर मतदान करता है, तभी वास्तविक जनमत सामने आता है। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि जनता अब केवल भावनात्मक नारों से प्रभावित नहीं होती। वह विकास, सुशासन, पारदर्शिता और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भी गंभीरता से विचार कर रही है। यही कारण है कि कई राज्यों में सत्ता परिवर्तन देखने को मिला, तो कहीं जनता ने पुराने नेतृत्व पर दोबारा भरोसा जताया। लोकतंत्र की यही खूबसूरती है कि अंतिम निर्णय जनता के हाथ में होता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सम्मान करें। बिना प्रमाण संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाना लोकतांत्रिक विश्वास को कमजोर करता है। विपक्ष का दायित्व केवल विरोध करना नहीं, बल्कि सकारात्मक और रचनात्मक राजनीति करना भी है। उसी प्रकार सत्ता पक्ष को भी जनभावनाओं के प्रति संवेदनशील रहना होगा। लोकतंत्र में हार और जीत दोनों अस्थायी होती हैं। जनता समय-समय पर अपने निर्णय बदलती रहती है। इसलिए राजनीतिक दलों को जनादेश का सम्मान करते हुए आत्ममंथन करना चाहिए। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा, जब सभी पक्ष संविधान, संस्थाओं और जनता के निर्णय पर समान आस्था रखें।

# सरकारी जमीन पर अवैध मजार का खेल बेनकाब

### महापौर के औचक निरीक्षण में खुला लैंडजिहाद का राज, खेड़ा में घर पर बनाई गई अवैध मजार सील, भू-माफिया के खिलाफ अब ध्वस्तीकरण की तैयारी



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर में सरकारी जमीनों पर हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच गुरुवार को खेड़ा बस्ती में उस समय हड़कंप मच गया, जब महापौर विकास शर्मा प्रशासनिक अमले के साथ निरीक्षण करने पहुंचे और मौके पर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ। सरकारी भूमि पर कब्जा कर बनाए गए मकान के भीतर ही अवैध रूप से मजार बनाए जाने का मामला सामने आने पर प्रशासन भी हैरान रह गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए महापौर ने तत्काल निर्माण को सीज करने और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के निर्देश दे दिए।

महापौर विकास शर्मा एडीएम पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे और नगर निगम व प्रशासन के अन्य अधिकारियों के साथ खेड़ा बस्ती क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान नदी किनारे सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत के आधार पर टीम चांद मस्जिद के पास पहुंची, जहां एक मकान को देखकर अधिकारी भी दंग रह गए। जांच में सामने आया कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान खड़ा किया गया था और घर के अंदर ही मजार भी बना दी गई थी। मौके पर पूछताछ के दौरान पता चला कि संबंधित व्यक्ति ने अपने पिता के इंतकाल के बाद शव को घर के भीतर ही दफनाकर वहां मजार का स्वरूप दे दिया। इतना ही नहीं, आरोप यह भी सामने आया कि अतिक्रमणकारी ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर आसपास कई लोगों को प्लॉट भी बेचे हैं। मामले का खुलासा होते ही प्रशासनिक टीम ने मौके पर जांच शुरू कर दी और अवैध निर्माण को तत्काल प्रभाव से सीज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। महापौर विकास शर्मा ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर धार्मिक संरचना के नाम पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में अवैध अतिक्रमण और तथाकथित लैंड जिहाद के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश में अब तक सैकड़ों अवैध मजारों पर कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग सरकारी जमीनों पर कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

महापौर ने कहा कि रुद्रपुर में ऐसी मानसिकता को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा और जो भी व्यक्ति सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करेगा, उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि धार्मिक आस्था की आड़ में सरकारी संपत्तियों पर कब्जा करने की कोशिशों को प्रशासन पूरी सख्ती से कुचलेगा।

वहीं एडीएम पंकज उपाध्याय ने भी मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराई जाएगी और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सीज की गई अवैध मजार को ध्वस्त करने की प्रक्रिया भी जल्द पूरी की जाएगी।

# सिडकुल ढाल पर अज्ञात शव मिलने से सनसनी

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आज प्रातः सिडकुल ढाल पर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक आज प्रातः नौकरी पेशा लोग सिडकुल में काम करने के लिए जा रहे थे इसी दौरान सिडकुल ढाल के समीप उन्होंने गड्ढे में एक युवक का शव देखा जिसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। बताया जा रहा है कि संभवत नशे में गिरकर युवक की मौत हुई होगी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# मुख्यमंत्री की घोषणाओं की समीक्षा की डीएम भदौरिया ने



**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रूद्रपुर।** विधानसभा रूद्रपुर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गयी घोषणाओं की जिला सभागार में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने सम्बन्धित अधिकारियों को सीएम घोषणा कार्यो में तेजी लाते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिये।

उन्होने त्रिशूल चौक से आवास विकास तक सड़क चौड़ीकरण कार्यों में तेजी लाकर शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश अधिशासी अभियंता लोनिवि को दिये। उन्होने अधिशासी अभियंता जल संस्थान व विद्युत को डीडी चैक से काशीपुर बाइपास व डीडी चैक से मेडिकल कालेज तक विद्युत व पानी की लाइनो को शीघ्र शिफ्ट करने के निर्देश दिये। उन्होने सख्त निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों में यदि किसी के द्वारा भी लापरवाही बरती गयी तो सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होने कहा कि भूरारानी में सड़क चौड़ीकरण कार्य हेतु लोनिवि, नगर निगम, राजस्व एवं जिला विकास प्राधिकरण संयुक्त रूप से सर्वे कर भविष्य में आबादी को ध्यान में रखते हुए डीपीआर तैयार कर भेजा जाये।

क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा व महापौर विकास शर्मा ने क्षेत्र में जो भी सड़क निर्माण कार्य चल रहे है उसे वर्षाकाल से पूर्व पूर्ण कर लिया जाये। उन्होने कहा कि अनावश्यक गड्ढे खोद कर न छोड़ा जाये जिससे की लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़े। उन्होने कहा कि सड़क निर्माण व पानी की पाइप लाईन शिफ्टिंग हेतु उतना ही गड्ढा खोदे जो वर्षाकाल से पूर्व पूर्ण हो सके। मा0 विधायक ने शहर को जाम से निजाद हेतु सिंचाई विभाग की भूमि पर पार्किंग निर्माण हेतु जिला विकास प्राधिकरण को प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिये।

उन्होने कहा कि वर्षाकाल में निर्माण कार्य सम्भव नही हो पाता है, इसलिए जो भी कार्य किये जाने है उसे वर्षाकाल से पूर्व पूर्ण कर लिया जाये। बैठक में उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, पीडी हिमांशु जोशी, अधिशासी अधियंता जल संस्थान तरूण शर्मा, पेयजल निगम सुनील जोशी, विद्युत राजीव चक्रवर्ती, लोनिवि विनोद सनवाल, पीडी एनएचएआई अचल जिंदल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील आदि उपस्थित थे।

## आपका सुझाव - हमारी दिशा

प्रिय स्नेही जन

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें, भेजें ।

editordaillyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408


## आवश्यकता है

हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋषिकेष आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735



सम्पादक: सुरेश पाठक

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# बाड़ेछीना पेट्रोल पंप पर दो माह से ईंधन संकट

## दर्जा मंत्री गोविंद पिलखवाल ने उपरोक्त मामले का संज्ञान लिया,पूर्ति निरीक्षक ने जारी किया नोटिस

**अल्मोड़ा।** बाड़ेछीना स्थित पेट्रोल पंप में पिछले लगभग दो माह से पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति बाधित रहने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक,राजस्वग्राम बाड़ेछीना द्वारा पेट्रोल पंप स्वामी को नोटिस जारी कर शीघ्र ईंधन आपूर्ति सुचारु करने के निर्देश दिए गए हैं।



जारी नोटिस के अनुसार अल्मोड़ा पिथौरागढ़ मोटर मार्ग पर स्थित यह पेट्रोल पंप लंबे समय से ईंधन उपलब्ध न होने के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग ने कहा है कि इस संबंध में पूर्व में भी दूरभाष के माध्यम से कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया।

नोटिस में उल्लेख किया गया है कि मुख्य राष्टीय राजमार्ग से गुजरने वाले वाहनों को ईंधन भरवाने के लिए अल्मोड़ा तक जाना पड़ रहा है। साथ ही वर्तमान पर्यटन सीजन को देखते हुए क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की नियमित उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर ईंधन आपूर्ति सुचारु नहीं की गई तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित पेट्रोल पंप स्वामी की होगी। इस नोटिस की प्रतिलिपि उपजिलाधिकारी सदर अल्मोड़ा एवं जिला पूर्ति अधिकारी अल्मोड़ा को भी सूचनार्थ प्रेषित की गई है। भ्रमण के दौरान डीजल-पेट्रोल की समस्या से अवगत कराया इस मामले का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए संबंधित विभाग से कहा। दर्जा राज्य मंत्री गोविंद पिल्खवाल के समक्ष लंबे समय से पेट्रोल और डीजल की किल्लत पर चिंता जताई । उन्होंने कहा था कि बाड़ेछीना क्षेत्र से गुजरने वाले स्थानीय लोगों, पर्यटकों एवं वाहन चालकों को ईंधन न मिलने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पिल्खवाल ने प्रशासन से मामले का तत्काल संज्ञान लेकर पेट्रोल पंप पर नियमित ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित कराने को कहा।

## 77 यू के डी एन एनसीसी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ मनाई गई

**अल्मोड़ा।** विवेकानंद इंटर कॉलेज रानी धारा के एनसीसी सब यूनिट में ऑपरेशन सिंदूर प्रथम वर्षगांठ समारोह का आयोजन बड़े उत्साह एवं देशभक्ति के साथ किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स द्वारा ध्वजारोहण कर ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ मनाई गई।इस अवसर पर विद्यालय के एएनओ ले0 शंकर सिंह ने कैडेट्स को ऑपरेशन सिंदूर के महत्व, देश सेवा, अनुशासन तथा राष्ट्रभक्ति के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में राष्ट्र के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य आलम सिंह उनियाल, सेकण्ड ऑफिसर अर्जुन सिंह, 77 यूकेबीएन एनसीसी के प्रतिनिधि ईएसएम विनोद कुमार, रघुवर जोशी तथा देवेश भट्ट सहित विद्यालय परिवार एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

## केदारनाथ धाम पहुंचे सीएम धामी, अस्पताल के नए भवन का करेंगे लोकार्पण



**केदारनाथ।** आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी केदारनाथ धाम पहुंचे। इस दौरान केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल भी उनके साथ मौजूद रहीं। जहां उन्होंने सीएम के पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया। बता दें कि यहां अस्पताल (विवेकानंद हॉसपिटल) के नए भवन का निर्माण हुआ है। जिसका लोकार्पण करने खुद सीएम धामी यहां पहुंचे है।आज सुबह-सुबह सीएम धामी केदारनाथ पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल के पास ही नए भवन का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। ऐसे में इसी का शुभारंभ सीएम धामी के हाथों से किया जाएगा। जिससे धाम में स्वास्थ्य सुविधाओं को भी ज्यादा मजबूती मिलेगी। सीएम के धाम दौरे के दौरान जिलाधिकारी विशाल मिश्रा और पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर वहां मौजूद हैं।

## आवासीय पट्टे की भूमि पर चल रहा था रेस्टोरेंट, डीएम ने पट्टा किया निरस्त

**नैनीताल।** आवासीय प्रयोजन के लिए आवंटित भूमि पर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित किए जाने के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। ललित मोहन रयाल ने नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित पट्टे को निरस्त करते हुए भूमि को राज्य सरकार के पक्ष में निहित करने के आदेश जारी किए हैं। जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नंदराम को आवासीय उद्देश्य से भूमि आवंटित की गई थी। बाद में उनके वारिसान रोहित कुमार, दिनेश कुमार एवं संतोष कुमार, निवासी छड़ा मझेड़ा कैंची धाम, द्वारा उक्त 0.008 हेक्टेयर भूमि पर रेस्टोरेंट संचालित किया जा रहा था।

जांच में स्पष्ट हुआ कि भूमि का उपयोग आवासीय प्रयोजन के बजाय व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है, जो पट्टे की निर्धारित शर्तों के विपरीत है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने इसे पट्टा शर्तों का उल्लंघन मानते हुए संबंधित पट्टे को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया।

इसके साथ ही प्रशासन ने संबंधित भूमि को राज्य सरकार के पक्ष में निहित करने के निर्देश भी जारी किए हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई को नियमों के अनुपालन और सरकारी भूमि के दुरुपयोग पर रोक लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## झूठ पर आधारित है कांग्रेस की राजनीति : मिश्रा

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस की पूरी राजनीति झूठ पर आधारित है और वह झूठ के सहारे जनता को भ्रमित करने का प्रयास करती है लेकिन जनता कांग्रेस के इस झूठे बहकावे में नहीं आएगी। जिस प्रकार से चंपावत के एक मामले में भाजपा कार्यकर्ताओं का नाम लिया गया जिसका खुलासा अब वहां के अधिकारियों ने कर दिया है कि यह पूरा मामला एक षड्यंत्र के तहत रचा गया था जिसमें भाजपा के किसी भी कार्यकर्ता का कोई मतलब नहीं था इससे साबित हो गया है कि कांग्रेस हमेशा जनता को बरगलाने का प्रयास करती है। जारी बयान में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस विकास और जनहित की राजनीति नहीं करती। कांग्रेस का एजेंडा साफ है कि सिर्फ भ्रम, झूठ और नकारात्मक राजनीति कर अपना उल्लू सीधा किया जाए लेकिन जनता सब देख रही है और सब जानती है कि कांग्रेस की मानसिकता कितनी तुच्छ है जनता के सामने सारा सच आ गया है। मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के इसी छल और फरेब का नतीजा उसे भुगतना पड़ता है और जहां भी चुनाव होता है वहां कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ती है। यही हाल कांग्रेस का उत्तराखंड में भी आने वाले चुनाव में होगा कि जब उत्तराखंड में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य का चौमुखी विकास किया जाएगा क्योंकि भाजपा ही समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर विकास करती है और कांग्रेस की तरह कभी झूठ और भ्रम का सहारा लेकर जनता को भ्रमित नहीं करती है।उन्होंने कहा कि आने वाला समय भी भाजपा का ही होगा और जनता के आशीर्वाद से भाजपा उत्तराखंड में विकास के नए आयाम लिखेगी।



## दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री संगठन से मुलाकात की चुघ ने

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष से भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने दिल्ली में उनके आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की और राजनैतिक मुद्दों पर चर्चा की। राष्ट्रीय महामंत्री संगठन संतोष ने कहा की भारतीय जनता पार्टी का पूरे देश में विस्तार हो चुका है और लगभग 22 राज्यों में भाजपा की सरकार है। पश्चिम बंगाल की जीत ऐतिहासिक रहीजहां भाजपा की सरकार आ गई है। ऐसे में भाजपा का दायरा पूरे देश में बढ़ता जा रहा है जो यह दर्शाता है कि देश की जनता भाजपा पर पूर्ण विश्वास करती है और आने वाले समय में भाजपा के नेतृत्व में विकास के नए आयाम लिखे जाएंगे। भाजपा नेता चुघ ने कहा की उत्तराखंड में भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है और वर्ष 2027 में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी ।उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में जिस प्रकार से जनादेश मिला है वह दर्शाता है कि आने वाला समय भाजपा का है। इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने चुघ को अपना आशीर्वाद दिया।



## खाती ने डीएम को ज्ञापन देकर की तीन पुलों को जल्द बनाने की मांग

**पिथौरागढ़।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जगत सिंह खाती ने जिलाधिकारी आशीष भटगांई को ज्ञापन देकर चंडिकाघाट पुल, पव्वाधार नैनी जागेश्वर बाया सेरागाड़ सड़क पर पुल तथा रौतोली से मुवानी सड़क पर पुल निर्माण के लिए शीघ्र कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि तुलानी से जिस जगह पर पुल बनाया जाना प्रस्तावित है 4 किलोमीटर सड़क को सर्वप्रथम वन अधिनियम से अवमुक्त करना जरूरी है। तभी जाकर सड़क कट पाएगी। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, वन विभाग व राजस्व विभाग से जल्दी से चंडिका घाट की फाइल को प्रस्तुत करने के लिए कहा है। जिससे वन अधिनियम को हटाया जा सके। 80 मीटर का यह पुल चंडिकाघाट मंदिर के बगल में रामगंगा नदी में बनाया जाना है। पिथौरागढ़ से सुवालेख होते हुए रसियापाट तुलानी तक सड़क बना दी गई है। जब तुलानी से 4 किलोमीटर सड़क कट जाएगी तभी चंडिकाघाट का पुल बन सकता है। शासन में पुल का 11 करोड़ रूपए का एस्टीमेट पहुंच चुका है। गंगोलीहाट से पव्वाधार नैनी जागेश्वर बाया सेरागाड़ सड़क जो सरयू नदी तक पहुंच चुकी है उस में दो छोटे पुल बने हैं नरगुल गाड़ में तथा वुशौलगाड़ में। पिथौरागढ़ की तरफ से अधीक्षण अभियंता ने साइट सेलेक्शन किया है। अब अल्मोड़ा की तरफ से साइट सेलेक्शन किया जाना है। इसके बाद धनराशि उपलब्ध होने पर पुल का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। यह पुल निर्माण मुख्यमंत्री की घोषणा में भी सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त गंगोलीहाट विधानसभा में बेरीनाग से रीठारौतोली सड़क बनी है। रौतोली से मुवानी की तरफ 5 किलोमीटर सड़क पर 30 मीटर का पुल बनाया जाना है। इन पुलों के बनने से गंगोलीहाट विधानसभा में बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। बीजेपी के वरिष्ठ नेता जगत सिंह खाती ने बताया कि आंवलाघाट पुल का शासनादेश इसी महीने जारी हो जाएगा।



## कांग्रेस ने चंपावत प्रकरण में सरकार का फूंका पुतला

**पिथौरागढ़।** चंपावत में नाबालिग छात्रा के साथ हुई घटना के प्रकरण में सरकार के दबाव पर मामले में लीपापोती का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने सिल्थाम चौराहे में प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी और प्रदर्शन करते हुए सरकार का पुतला दहन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश पंत ने कहा कि चंपावत में भाजपा नेता ने दो साथियों के साथ मिलकर नाबालिक के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। सरकार और भाजपा के दबाव में प्रकरण में लीपापोती की जा रही है। भाजपा के शासन में देवभूमि को शर्मशार करने वाले दुष्कर्म के मामलों की बाढ़ आ गई है। महिला अपराधों में भारी बढ़ोतरी हुई है। अधिकांश दुष्कर्मों में भाजपा के नेताओं के ही नाम सामने आ रहे हैं। पूर्व दर्जा मंत्री महेंद्र सिंह लुंठी ने कहा कि महिला सशक्तीकरण की बात करने वाले भाजपा नेता कई कुकृत्यों में शामिल हैं।

## यूकेडी ने काशी सिंह ऐरी के नेतृत्व में की जनसंपर्क अभियान की शुरुआत

**पिथौरागढ़।** आगामी विधान सभा चुनावों के मद्देनजर उत्तराखंड क्रांति दल ने पिथौरागढ़ से जनसंपर्क अभियान की शुरुआत कर दी है। यूकेडी के शीर्ष नेता काशी सिंह ऐरी के नेतृत्व में संचालित जनसंपर्क अभियान की शुरुआत यूकेडी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष जनकवि जनार्दन उप्रेती जन्नू दा ने शंख ध्वनि के उद्घोष के साथ की। पार्टी ने इस दौरान विगत 26 वर्षों से प्रदेश की बिगड़ती दशा, बढ़ती महंगाई की मार, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या और बेलगाम पलायन की और जनता का ध्यान आकृष्ट किया। उत्तराखंड बचाओ उत्तराखंड बसाओ की पवित्र मुहिम चलाकर जनता से उत्तराखंड क्राति दल की सदस्यता ग्रहण करके प्रदेश हित में उत्तराखंड क्रांति दल को तन मन धन से सहयोग देने की अपील की गई। जनसंपर्क अभियान में यूकेडी संसदीय बोर्ड के केंद्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर कापड़ी, महानगर अध्यक्ष राम सिंह, हरेंद्र कुंवर, पारस जोशी, नगर कोषाध्यक्ष सुबेदार मेजर गोविंद सिंह बिष्ट, रमेश बिष्ट, दिव्यांशु कुमार, भाष्कर बिष्ट, पवन मलड़ा, आशीष नेगी, पंकज जोशी, प्रियांशु चौहान, कीर्ति बल्लभ उप्रेती, हीरा बल्लभ भट्ट, आरडी जोशी, चंद्रशेखर महर, जिला महामंत्री कमलेश चंद राजा, राम सिंह ऐरी, आईटी सेल अध्यक्ष गिरीश जोशी, डॉ. दीप चौधरी, हरीश बोहरा, गौरव बिष्ट, नगर प्रकोष्ठ आईटी सेल अध्यक्ष दिव्यांशु मिश्रा आदि उपस्थित थे।



# चंपावत में गैंगरेप की घटना पर कांग्रेसियों ने फूंका भाजपा सरकार का पुतला

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**रुद्रपुर।** चंपावत में हुई नाबालिग के साथ गैंगरेप की घटना को लेकर कांग्रेसियों में आक्रोश छा गया। उन्होंने महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी के नेतृत्व में शिवनगर स्थित चामुंडा मंदिर के समीप भाजपा सरकार का पुतला फूंका और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिला सम्मान को लेकर झूठा दावा करती है। पहले अंकिता भंडारी और अब चंपावत में हुई यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इन दोनों ही घटनाओं में भाजपा के नेता शामिल रहे लेकिन सरकार इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला सुरक्षा का ढकोसला करती है उन्हें महिलाओं की सुरक्षा से कोई लेना-देना नहीं है ऐसे में अब महिलाएं भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर इसे सत्ता से बाहर करेंगी। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि भाजपा सत्ता के नशे में चूर हो चुकी है और जिस प्रकार से चंपावत में यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है उसको लेकर अब जनता जाग चुकी है और आने वाले समय में भाजपा को इसका करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को सरकार में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। ठुकराल ने कहा कि लोकतंत्र की दुहाई देने वाली भाजपा सरकार आज लोकतंत्र की हत्या कर रही है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा की जो भाजपा महिला बिल को लेकर विपक्ष पर आरोप लगाती थी वह सरकार यदि महिलाओं की इतनी हितेषी है तो वह वर्तमान सीटों के आधार पर आरक्षण घोषित करें। गाबा ने कहा कि महिलाओं ने अब भाजपा के खिलाफ बिगुल बजा दिया है जो भाजपा को उसके अंत की ओर लेकर जाएगा। भाजपा सरकार का पुतला फूंकने के दौरान कांग्रेसियों ने जमकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। इस दौरान परिमल राय, योगेश चौहान,संजीव गुप्ता, विकास बंसल, संजय ठुकराल, सतीश कुमार, सुशील मंडल पार्षद, शुभम दास पार्षद, प्रीति साना, उमा सरकार, पूर्व पार्षद मोहन भारद्वाज, अशोक रस्तोगी, असित बाला, चोखेलाल गंगवार, विक्की सोनकर, राकेश अधिकारी, अनुज दिक्षित, चमन सागर, नरेश सागर, सुदर्शन प्रजापति, सोनू सक्सेना, ललित सक्सेना, आदेश गंगवार, डॉ. खेमानंद रस्तोगी, बबलू रस्तोगी, दौलत राम राजपूत, जयवीर राजपूत, सूरजपाल रस्तोगी, मधु सिकदार, बेबी सिकदार, कमला देवी, विजय यादव, सुमित गुप्ता, राकेश अधिकारी, गोविंद, हनी, जयदेव, बाबू विश्वकर्मा, रविंद्र गुप्ता, सेवाराम दिवाकर, सोनू, रणजीत तिवारी, अजय पाल, अर्जुन, राजकुमार, विपिन, लकी, केशव, रिकी गुप्ता, सोनू, सुनील दिवाकर, शिवम गंगवार, केरू मण्डल, राकेश कोली, बबलू सागर, अंकिता अधिकारी, सुनील चुग, बंटी मक्कड़, भुक्कन लाल लोधी, रामकुमार गुप्ता, रमन विश्वास, सुरेश कुमार सक्सेना आदि मौजूद थे।



# जिलाधिकारी ने ली नमामि गंगे की बैठक

## निकायो को शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण करने के दिए निर्देश, लक्ष्य के सापेक्ष कलेक्शन न होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी।

**बागेश्वर ( गोविन्द मेहता )।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निकायों द्वारा संचालित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, लीगेसी वेस्ट निस्तारण एवं प्लास्टिक उन्मूलन अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बागेश्वर एवं गरुड़ नगर निकायों के लीगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु संबंधित उपजिलाधिकारियों को भूमि चयन की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने नगर निकायों को डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक घर से नियमित रूप से कूड़ा संग्रहित किया जाए तथा नागरिकों को स्वच्छता एवं कचरा पृथक्करण के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान संचालित किए जाएं। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री के विरुद्ध चलानी कार्रवाई और




अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी को नगर पंचायत कपकोट में स्थापित कॉम्पैक्टर प्लांट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करने को कहा। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को अंतिम चेतावनी देते हुए लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व एवं यूजर चार्ज कलेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य पूर्ण न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिला पंचायत को सभी पर्यटक स्थलों पर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आदित्या रत्ना, अपर जिलाधिकारी एन एस नबियाल सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं नगर निकायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# समलौण पौधारोपण से शादी को बनाया यादगार

**गढ़वाल।** उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों में समलौण अभियान के तहत नव दम्पत्तियों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। जनपद अल्मोड़ा के विकासखंड स्याल्दे के ग्राम सिलपाख में पूरण और दुर्गा ने शादी के अवसर पर घर के आंगन में मौसमी का समलौण पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी दुल्हे की मां चन्द्रा देवी ने ली। कार्यक्रम का संचालन समलौण आंदोलन के जिला संयोजक श्याम सिंह गुसाईं 'श्याम सरल' ने किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संस्कार के अवसर पर पौधारोपण करना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। वहीं जनपद चमोली के विकासखंड नंदा नगर के ग्राम फालीधार में नीरज और अंकिता ने शादी के बाद संतरे का समलौण पौधा रोपा। पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी दुल्हन की मां विनीता देवी ने ली। कार्यक्रम का संचालन समलौण आंदोलन की संयोजिका नन्दा देवी जोशी ने किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष और मानव का गहरा संबंध है तथा जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से बचने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण जरूरी है। इसी क्रम में



जनपद पौड़ी गढ़वाल के थलीसैंण विकासखंड के ग्राम दौला में दिनेश और रक्षा ने शादी की याद में मौसमी का समलौण पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी सरोजिनी देवी ने ली। कार्यक्रम का संचालन समलौण सेना नायिका बीना देवी नौटियाल ने किया। उन्होंने कहा कि वृक्षों की कमी से वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड बढ़ रही है और ऑक्सीजन घट रही है, जिससे भविष्य में बड़ा संकट उत्पन्न हो सकता है। कार्यक्रमों में ग्रामीणों, मेहमानों और समलौण सेना के सदस्यों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# गंगनानी में बीमार हुए बालक की मदद को आगे आई उत्तरकाशी पुलिस

**उत्तरकाशी।** गुजरात के आणंद से अपने परिजनों के साथ चारधाम यात्रा पर आए 13 वर्षीय हर्ष की गंगोत्री यात्रा मार्ग पर गंगनानी में अचानक तबीयत बिगड़ गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची उत्तरकाशी पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता दिखाते हुए बालक



को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र भटवाड़ी पहुंचाया, जहां उसे प्राथमिक उपचार दिलाया गया।

हर्ष के परिजनों ने उत्तरकाशी पुलिस की सेवा भावना, सुरक्षा एवं संवेदनशीलता की सराहना करते हुए पुलिस जवानों का आभार व्यक्त किया।

# कोतवाली पुलिस की मुस्तैदी से गुम हुई महंगी साइकिल चंद घंटों में की बरामद

**बागेश्वर।** कोतवाली बागेश्वर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए खोई हुई साइकिल खोज कर स्वामी के सुपुर्द की। जिला अस्पताल के समीप से हुई साइकिल के चोरी होने की प्राथमिकी मिलते ही कोतवाल अनिल उपाध्याय ने पुलिस टीम को खोई हुई साइकिल को ढूंढने हेतु अभियान चलाने के निर्देश दिए।वही एसएसआई निर्मला पटवाल और अन्य पुलिस कर्मी सहित में कोतवाली बागेश्वर की चीता मोबाइल टीम के हेड कांस्टेबल पुरन मठपाल और कांस्टेबल कुलदीप वर्मा ने खोजबीन शुरू की। पुलिस टीम ने शहर के सीसीटीवी कैमरों की जांच की और स्थानीय स्तर पर पूछताछ की। सटीक जांच और सक्रियता के चलते पुलिस टीम ने चंद समय में ही खोई साइकिल को बरामद कर लिया। पुलिस ने बरामद साइकिल को उसके स्वामी को सुरक्षित सौंप दिया गया है, जिस पर उन्होंने बागेश्वर पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया।



# कार्तिक स्वामी मंदिर में 108 बालमपुरी शंखों के साथ विशेष हवन-पूजन

**रुद्रप्रयाग।** कार्तिक स्वामी मंदिर में उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद एवं मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान 108 बालमपुरी शंखों के साथ विशेष हवन-पूजन आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने भाग लिया। मंदिर परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। आयोजन में दक्षिण भारत से पहुंचे करीब 300 श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया। सचिव वन एवं कौशल विकास सी रविशंकर ने कहा कि पर्यटन विभाग का उद्देश्य प्रदेश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को देशभर में बढ़ावा देना है, ताकि अधिक से अधिक पर्यटक यहां पहुंच सकें। मंदिर समिति अध्यक्ष विक्रम नेगी ने बताया कि बालमपुरी शंख आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर पद्मश्री सम्मानित शिव मणि ने अपनी शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। उनकी प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कटेथ, मंदिर समिति उपाध्यक्ष उत्तम नेगी, प्रबंधक पूर्ण नेगी, सचिव बलराम नेगी, पुजारी नंदू पुरी महाराज, उप प्रबंधक रमेश नेगी, जिला पंचायत सदस्य जयवर्धन कांडपाल, सम्पन्न नेगी, सुरजी देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



# ओवर स्पीड वाहनों पर नैनीताल पुलिस का सख्त अभियान

**नैनीताल।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और पर्यटन सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने के लिए नैनीताल पुलिस ने ओवर स्पीड वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में इंटरसेप्टर वाहन में लगी ओवर स्पीड गन के माध्यम से लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में निरीक्षक यातायात भूपेश पाण्डेय द्वारा हल्द्वानी के रामपुर रोड क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार ओवर स्पीड में कुल 20 चालान किए गए। इनमें 19 वाहन निर्धारित 60 किलोमीटर प्रति घंटा की सीमा से अधिक गति में संचालित पाए गए, जबकि एक वाहन 100 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक रफ्तार में दौड़ता मिला। कार्रवाई में एक बस और 19 कारें शामिल रहीं। इसके अलावा यातायात नियमों के उल्लंघन पर कुल 54 चालान किए गए। यातायात पुलिस ने बताया कि रामपुर रोड, चोरगलिया रोड और कालाढूंगी रोड पर अधिकतम गति सीमा 60 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित है। चेकिंग के दौरान यह भी सामने आया कि पर्यटक वाहनों के साथ-साथ स्थानीय टैक्सी और निजी वाहन चालक भी तेज रफ्तार में वाहन चला रहे हैं। नैनीताल पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।



# 31 मई तक अनिवार्य रूप से कराएं राशन कार्ड की ई-केवाईसी: जिला पूर्ति अधिकारी

**चंपावत।** उत्तराखण्ड शासन के नवीनतम निर्देशों के क्रम में अब राज्य के सभी योजनाओं के राशन कार्डों एवं उनमें दर्ज प्रत्येक यूनिट की ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए, जिला पूर्ति अधिकारी प्रियंका भट्ट ने जनपद चम्पावत के समस्त राशनकार्ड धारकों से निर्धारित समयसीमा के भीतर ई-केवाईसी पूर्ण कराने की अपील की है।उन्होंने बताया कि जनपद के सभी राशनकार्ड धारक आगामी 31 मई, 2026 तक अपने राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्यों की ई-केवाईसी अपने निकटतम सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान अथवा उचित दर विक्रेता के माध्यम से अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें। शासन की इस व्यवस्था का उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाते हुए वास्तविक पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है।जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा कि ऐसे लाभार्थी जो शारीरिक अक्षमता, वृद्धावस्था अथवा अन्य किसी कारणवश उचित दर विक्रेता की दुकान तक पहुंचने में असमर्थ हैं, उनके लिए विभाग द्वारा घर बैठे ई-केवाईसी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।इसके लिए एनआईसी द्वारा विकसित मेरा ई-केवाईसी मोबाइल ऐप का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से लाभार्थी अपने मोबाइल फोन से आधार नंबर, ओटीपी एवं फेस रिकग्निशन की सहायता से आसानी से ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। इससे लोगों को अनावश्यक परेशानी से राहत मिलेगी तथा घर बैठे सुरक्षित एवं सरल तरीके से सत्यापन संभव हो सकेगा।जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर अपनी ई-केवाईसी अवश्य पूर्ण करा लें, ताकि भविष्य में राशन वितरण एवं अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# नाबालिग युवती से दुष्कर्म की घटना के विरोध में यूथ कांग्रेस ने भाजपा नेता की गिरफ्तारी की उठाई मांग

**बागेश्वर।** चंपावत जिले में नाबालिग युवती से हुए दुष्कर्म में पूर्व भाजपा ब्लॉक मंडल अध्यक्ष और उसके साथियों का नाम आने पर यूथ कांग्रेस ने आक्रोश व्यक्त किया है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। विरोध में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेताओं द्वारा आए दिन मातृशक्ति के साथ दुर्व्यवहार करने, अंकिता हत्याकांड में वीआईपी नेताओं को बचाने के आरोप लगाए। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार और पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण के नेतृत्व में एसबीआई तिराहे पर राज्य सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं कड़ी कार्रवाई की मांग की। यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं और बेटियों की



सुरक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार ने कहा कि भाजपा शासन में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और महिलाओं के खिलाफ घटनाएं चिंताजनक स्तर पर पहुंच चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यदि आरोपियों के खिलाफ जल्द कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो यूथ कांग्रेस सड़क से लेकर विधानसभा तक आंदोलन करेगी। पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने कहा कि नाबालिग के साथ हुई घटना बेहद शर्मनाक और मानवता को शर्मसार करने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के मुखिया की विधानसभा क्षेत्र में नाबालिक के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है, इसलिए मुख्यमंत्री जी को स्वयं घटना पर गम्भीरता बरतते हुए शीघ्र आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश पुलिस अधिकारियों को देने चाहिए। आरोपी भाजपा से जुड़े हुए होने से उनके खिलाफ कार्रवाई में ढिलाई बरती जा रही है। फर्स्वाण ने कहा कि कांग्रेस पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला, कमलेश गढ़िया, राहुल बाराकोटी, गौरव परिहार, कैलाश नाथ, उम्मेद गढ़िया सहित यूथ कांग्रेस से जुड़ी छात्राएं आदि मौजूद रहे।

# वन भूमि हस्तांतरण के लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण करें अधिकारी: डीएम




**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कलेक्ट्रेट सभागार में वन भूमि हस्तांतरण के कारण लंबित मामलों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि सड़क एवं अन्य विकास कार्य वन भूमि हस्तांतरण के कारण प्रभावित न हों। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सीए लैंड के लंबित प्रस्तावों के निस्तारण हेतु उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर सभी मामलों का समाधान किया जाए। उन्होंने जनहित को प्राथमिकता देते हुए आवश्यकतानुसार सीए भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। साथ ही शासन, नोडल एवं भारत सरकार स्तर पर लंबित प्रस्तावों की नियमित मॉनिटरिंग एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा निरंतर फॉलोअप सुनिश्चित करने को कहा। जिन प्रस्तावों में आपत्तियां दर्ज हैं, उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन विभागों की योजनाएं निरस्त हो चुकी हैं अथवा जिनका एलाइनमेंट कम हो गया है, उन्हें आवंटित सीए भूमि शीघ्र वापस की जाए। वन भूमि हस्तांतरण के लंबित मामलों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने एक समर्पित कार्मिक की तैनाती करने के निर्देश दिए, जो प्रतिदिन प्रकरणों की मॉनिटरिंग करेगा। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्ना ने बताया कि लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई एवं पेयजल निगम से संबंधित वन भूमि हस्तांतरण के कुल 43 प्रस्ताव विभिन्न स्तरों पर प्रक्रिया में हैं। इनमें 23 प्रस्ताव प्रस्तावक विभाग स्तर पर, 15 नोडल स्तर पर, 04 वन विभाग स्तर पर तथा 01 प्रस्ताव केंद्र सरकार स्तर पर लंबित है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी एन एस नबियाल सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित टिहरी दौरे की तैयारियां तेज, कोटीकॉलोनी में सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**नई टिहरी।** चुनावी साल से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित टिहरी दौरे को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। टिहरी झील किनारे कोटीकॉलोनी में प्रस्तावित जनसभा तथा साहसिक पर्यटन से जुड़े कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां संभावित दौरे को देखते हुए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटी हैं। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री का टिहरी दौरा केवल राजनीतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पर्यटन और विकास योजनाओं के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। चर्चाएं हैं कि प्रधानमंत्री कोटीकॉलोनी से डोबरा-चांठी तक टिहरी झील में बोटिंग कर सकते हैं। इसे राज्य में साहसिक पर्यटन को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की



दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए टीएचडीसी ने विभिन्न समितियों का गठन कर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। टीएचडीसी के मुख्य महाप्रबंधक आरआर सेमवाल, एएसपी दीपक सिंह, एसडीएम कमलेश मेहता तथा जिला पर्यटन अधिकारी सोबत सिंह राणा ने कोटीकॉलोनी क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने टिहरी झील में संचालित क्रूज और बार्ज बोट का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा मानकों एवं संचालन व्यवस्थाओं की समीक्षा की। वहीं, एसडीआरएफ की टीम ने भी झील क्षेत्र में सुरक्षा तैयारियों का परीक्षण किया। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री कुछ समय के लिए झील में संचालित क्रूज बोट में भी रुक सकते हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री के संभावित प्रवास को देखते हुए प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने कोटीकॉलोनी के आसपास स्थित होमस्टे का भी निरीक्षण शुरू कर दिया है। सुरक्षा मानकों के अनुरूप उपयुक्त स्थानों को चिह्नित किया जा रहा है, ताकि जरूरत पड़ने पर वहां ठहरने की व्यवस्था की जा सके। प्रधानमंत्री के संभावित दौरे को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि टिहरी में प्रस्तावित जनसभा आगामी चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण संकेत दे सकती है।

# राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर सिगड़डी में छात्रों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की गोली



**पौड़ी ( मोहन सिंह राणा )।** राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर सिगड्डी में स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ध्यानी के मार्गदर्शन तथा भौतिक प्रवक्ता राजेंद्र कुमार एवं जीव विज्ञान प्रवक्ता दीपक लखेड़ा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पेट में होने वाले कृमि संक्रमण (कीड़े) से बचाना तथा उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाना था। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को दवा के महत्व और स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। एल्बेंडाजोल की गोली बच्चों के शरीर में मौजूद हानिकारक कृमियों को समाप्त करने में सहायक होती है। पेट में कीड़े होने से बच्चों में कमजोरी, भूख कम लगना, थकान, खून की कमी तथा पढ़ाई में ध्यान न लगने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इस दवा के सेवन से बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होता है, पोषण सही प्रकार से शरीर को मिलता है तथा उनकी शारीरिक और मानसिक वृद्धि में सहायता मिलती है। विद्यालय परिवार ने इस अभियान को बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया और सभी विद्यार्थियों को स्वच्छता बनाए रखने, हाथ धोने तथा साफ भोजन ग्रहण करने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

# जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के फ्लैगशिप कार्यक्रमों की समीक्षा कर तेजी लाने के दिए निर्देश

**उत्तरकाशी।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी प्रशांत आर्य द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न फ्लैगशिप कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से यूएसजी अभियान एवं 100 दिवसीय टीबी अभियान की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार यूएसजी कैंपेन में अब तक कुल 1349 यूएसजी जांचें संपादित की गई हैं। अभियान के अंतर्गत 18 से 22 सप्ताह की 284 एएनसी महिलाओं तथा 22 सप्ताह से अधिक अवधि की 648 एएनसी महिलाओं की स्क्रीनिंग की गई। साथ ही 417 ऐसे मामलों को भी चिह्नित किया गया जो 18 सप्ताह से कम अवधि के हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शेष लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक पात्र गर्भवती महिला तक जांच सुविधा पहुंचाई जाए। इसके अतिरिक्त 100 दिवसीय टीबी अभियान के अंतर्गत



जनपद के 152 हाई रिस्क गांवों में विशेष स्क्रीनिंग अभियान संचालित किया जा रहा है, जिनमें से 69 गांवों को सैचुरेट किया जा चुका है तथा 83 गांवों में कार्यवाही प्रगति पर है। अभियान के दौरान अब तक 9029 व्यक्तियों का निक्षय पोर्टल पर पंजीकरण किया गया, जिनमें से 2827 व्यक्तियों का एक्स-रे एवं 484 व्यक्तियों की एनएएटी जांच की गई। अभियान के माध्यम से अब तक 40 टीबी मरीजों को चिन्हित कर उपचार से जोड़ा गया है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने मातृ मृत्यु दर को शून्य करने के उद्देश्य से संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य जांच, सुरक्षित प्रसव एवं चिकित्सालयों में प्रसव हेतु प्रेरित किया जाए, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार लाया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि टीबी उन्मूलन एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य से संबंधित कार्यक्रमों में फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को और सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। बैठक में सीएमओ डॉ बीएस रावत, डॉ पी एस पोखरियाल, डॉ कुलवीर राणा, हरदेव राणा, अजय बिष्ट सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनगणना कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, लंबित शिकायतों पर अधिकारियों को चेतावनी



**उत्तरकाशी।** मुक्ता मिश्र की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एचएलओ ऐप के माध्यम से चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी प्रगणक अपने आवंटित एचएलबी में शीघ्र कार्य शुरू करें तथा दैनिक प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। अपर जिलाधिकारी ने चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रगणकों द्वारा किए जा रहे कार्य समय पर एचएलओ ऐप पर फीड कराए जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रगणक सही एचएलबी में ही कार्य करें। साथ ही खंड शिक्षा अधिकारियों को भी जनगणना कार्यों में समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इसके बाद सीएम हेल्पलाइन एवं मुख्यमंत्री जन समर्पण पोर्टल पर लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन पर रु स्तर पर 350 तथा एलडब्लयू स्तर पर 37 शिकायतें लंबित हैं, जबकि मुख्यमंत्री जन समर्पण पोर्टल पर 27 शिकायतें लंबित हैं। अपर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, पेयजल निगम, भू-अभिलेख, खाद्य आपूर्ति, राजस्व एवं ग्रामीण निर्माण विभाग सहित संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण तय समय-सीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब होने पर संबंधित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# श्री गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में दर्शनार्थ श्रद्धालुओं की संख्या पहुंची 2.5 लाख के पार

**उत्तरकाशी।** श्री यमुनोत्री और श्री गंगोत्री धाम यात्रा का सुगम एवं सुव्यवस्थित संचालन अनवरत जारी है। चारधाम यात्रा के अंतर्गत जिले के दोनों पावन धामों में श्रद्धालु भारी उत्साह और आत्मीयता के साथ दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 06 मई 2026 तक श्री यमुनोत्री और गंगोत्री धाम में दर्शन करने वाले कुल यात्रियों की संख्या 250787 पहुंच गई है। आज दोनों धामों में कुल 19507 श्रद्धालुओं ने दर्शन किये जिसमें यमुनोत्री धाम के 10392 और गंगोत्री धाम के 9115 यात्री शामिल हैं। आज कुल 1941 वाहनों का धामों की



ओर सुरक्षित आवागमन हुआ। जिससे अब तक यात्रा सीजन में धामों की ओर पहुंचने वाले कुल वाहनों की संख्या 26034 हो गई है। यात्रा मार्गों के मुख्य पड़ावों पर स्थापित स्वास्थ्य केंद्रों में आज 8611 यात्रियों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की गई और 620 यात्रियों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।यात्रा की शुरुवात से अब तक 86895 यात्रियों की स्क्रीनिंग और 8753 यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका है। प्रशासन द्वारा यात्रा मार्गों पर उपलब्ध सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन सहित सभी जरूरी सेवाओं की निरंतर निगरानी की जा रही है। यात्रा का सुगम सुरक्षित एवम् सुव्यवस्थित संचालन प्रशासन की प्राथमिकता है।

# गैंग रेप कांड का पुलिस ने किया खुलासा नाबालिग से नहीं हुआ था दुष्कर्म रची गई थी साजिश

## निष्कासित भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल रावत ने बदला लेने के लिए महिला मित्र के साथ मिलकर साजिश को दिया था अंजाम

- नाबालिग को पिता का इलाज कराने का लालच देकर साजिश में किया था शामिल
- मेडिकल में नाबालिग से दुष्कर्म की नहीं हुई पुष्टिः सीएमओ
- डीएम की मौजूदगी में एसपी रेखा यादव ने प्रेस वार्ता कर किया घटना का खुलासा




पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**चंपावत।** पिछले दो दिनों से उत्तराखंड में मीडिया व सोशल मीडिया में सुर्खी बना चंपावत नाबालिग गैंगरेप मामले का गुरुवार को चंपावत पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा कर दिया है मामले में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया गया था। मामले को लेकर प्रदेश की राजनीति भी गरमा गई थी। कांग्रेस के द्वारा सरकार के खिलाफ जगह-जगह प्रदर्शन किए जा रहे थे लोग भी पुलिस से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे मामले में भाजपा नेता का नाम सामने आने पर मामला काफी गरमा गया था। गुरुवार को डीएम चंपावत मनीष कुमार की मौजूदगी में एसपी चंपावत रेखा यादव ने प्रेस वार्ता कर इस बड़ी साजिश का पर्दाफाश करते हुए बताया। नाबालिग के साथ किसी भी प्रकार की दुष्कर्म की कोई भी घटना नहीं हुई थी। उन्होंने बताया कमल रावत के द्वारा बदले की भावना से प्रेरित होकर अपनी महिला मित्र के साथ मिलकर यह नाटक रचा गया। एसपी चंपावत में बताया नाबालिग को उसके पिता का इलाज कराने का लालच देकर साजिश में शामिल किया गया था।

एसपी ने बताया 6 मई को पीड़िता के पिता द्वारा कोतवाली चंपावत में लिखित तहरीर देकर पुलिस को अवगत कराया था कि 5 मई 2026 की रात्रि को उनकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ तीन व्यक्तियों के द्वारा दुष्कर्म किया गया है। जिसका पुलिस ने संज्ञान लेते हुए पोक्सो एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया तथा मामले की गंभीरता को देखते हुए उनके द्वारा 10 सदस्यीय एसआईटी टीम का गठन कर निष्पक्ष एवं विवेचना करने के निर्देश दिए गए थे। एसपी चंपावत ने बताया उन्होंने खुद पीड़िता से बातचीत कर घटनास्थल पर जाकर स्थानीय लोगों से घटना की जानकारी ली गई थी। तथा आरएफएसएल उधम सिंह नगर की फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाकर वैज्ञानिक तरीके से घटनास्थल का परीक्षण कराया गया था। पीड़िता का तत्काल मेडिकल परीक्षण कर बाल कल्याण समिति के समक्ष काउंसलिंग एवं न्यायालय के समक्ष बयान दर्ज किए गए थे । पीड़िता की देख रेख व सुरक्षा हेतु जिलाधिकारी से पत्राचार कर एक मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किया गया था। एसपी चंपावत ने बताया विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया पीड़िता ग्राम सल्ली में विवाह समारोह में अपनी इच्छा से अपने दोस्त के साथ गई थी । घटना दिवस पर पीड़िता का विभिन्न स्थानों पर आवागमन एवं गतिविधियां सीसीटीवी फुटेज व डीबीआर से सत्यापित हुई है । चिकित्सा परीक्षण में किसी भी प्रकार की बाह्य अथवा आंतरिक चोटें संघर्ष अथवा जबरदस्ती के स्पष्ट चिकित्सकीय संकेत प्राप्त नहीं हुए हैं।

कुछ गवाहों के बयान तकनीकी एवं परिस्थिति जन्य साक्ष्यों से मेल नहीं खाते पाए गए हैं जिससे घटनाक्रम की सत्यता प्रमाणित नहीं होती है। तथा कमल रावत, पीड़िता एवं पीड़िता की महिला मित्र के मध्य घटना तिथि पर असामान्य रूप से बार-बार संपर्क वार्तालाप पाया गया जो प्रकरण के घटनाक्रम के संबंध में महत्वपूर्ण संकेत है। एसपी चंपावत ने बताया घटना के दौरान मामले में नामजद आरोपियों विनोद सिंह रावत ,नवीन सिंह रावत तथा पूरन सिंह रावत की मौजूदगी घटनास्थल पर नहीं पाई गई तथा गवाहों के बयानों व तकनीकी साक्ष्य से इस बात की पुष्टि हुई कि घटना के दौरान नामजद व्यक्ति मौके पर नहीं थे। एसपी चंपावत ने बताया विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा प्रत्येक तथ्य का वैज्ञानिक एवं निष्पक्ष परीक्षण किया गया मामले में किसी भी निर्दोष व्यक्ति को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित ना किया जाए तथा दोषी के विरुद्ध विधि कार्रवाई सुनिश्चित हो इस उद्देश्य से सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच जारी है।

एसपी ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कमल रावत द्वारा बदले की भावना से प्रेरित होकर एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत नाबालिग बालिका को पिता का इलाज कराने व रूपये देने का झूठा प्रलोभन देकर इस साजिश में शामिल किया था। उन्होंने बताया कमल रावत में भी पूर्व में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप लग चुके है तथा पंचायत चुनाव में हुई हार का बदला लेने के लिए उसके द्वारा अपनी महिला मित्र के साथ मिलकर इस साजिश को अंजाम दिया गया था।

पीड़िता के द्वारा भी पूछताछ में बताया गया कमल रावत के द्वारा पिता के इलाज का प्रलोभन देकर उसे इस साजिश में शामिल किया गया था तथा न्यायालय में भी पीडित़ा ने आरोपियों का घटना में शामिल होने से इनकार किया। एसपी ने बताया डिजिटल एवं फॉरेंसिक साक्ष्यों का परीक्षण जारी है। तथा मामले में शामिल संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ पुलिस के द्वारा की जा रही है । उन्होंने कहा यदि जांच के दौरान तथ्यों को भ्रामक या मनगढ़त पाया जाता है तो विधि अनुसार सुसंगत धाराओं में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मामले में सीएमओ डॉक्टर देवेश चौहान ने कहा मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार पीडित़ा के साथ किसी भी प्रकार की जबरदस्ती नहीं की गई है ना ही उसके शरीर पर किसी भी प्रकार के निशान पाए गए। उसके साथ दुष्कर्म नहीं हुआ है। फिलहाल दो दिनों से प्रदेश की सुर्खियां बने इस गैंगरेप कांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस के अनुसार बदले की भावना से प्रेरित होकर निष्कासित पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल रावत के द्वारा इस साजिश को अंजाम दिया गया था। मामले का खुलासा होने पर लोग आश्चर्यचकित है कि इस प्रकार की साजिश को भी अंजाम दिया जा सकता है। इस कांड ने पूरे प्रदेश को हिला कर रख दिया था।क्योंकि मामला मुख्यमंत्री की विधानसभा से जुड़ा हुआ था पर एसपी रेखा यादव के नेतृत्व में पुलिस ने इस साजिश का शानदार खुलासा किया है।

मामले के खुलासे में एसओजी चंपावत ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । पुलिस पर घटना के खुलासे का बड़ा दबाव था। वहीं घटना के खुलासे को लेकर महिला कांग्रेस ने चंपावत में जोरदार प्रदर्शन भी किया था। मामले का खुलासा होने पर चंपावत पुलिस व जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली है। फिलहाल मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।लोग आपस में तरह-तरह की बातें मामले को लेकर कर रहे हैं। फिलहाल घटना किसी फिल्म व थ्रिलर उपन्यास की कहानी से कम नहीं लग रही है।

## कमल रावत को कोर्ट परिसर से उठा ले गई पुलिस अधिवक्ताओं ने जताई नाराजगी

**चंपावत ।** दुष्कर्म कांड की साजिश रचने वाले निष्कासित पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल रावत को पुलिस ने चंपावत जिला न्यायालय परिसर से जबरन उठा लिया। मामले में अधिवक्ताओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी जताई। चंपावत जिला बार संघ के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता राम सिंह बिष्ट ने कहा पुलिस ने जिला न्यायालय परिसर से कमल रावत को जबरन उठाया तथा उनके साथ धक्का मुक्की भी की गई। राम सिंह बिष्ट ने बताया कमल रावत सामूहिक दुष्कर्म की शिकार हुई पीड़िता की मदद कर रहा था और उनके द्वारा रिपोर्ट दर्ज करने में हो रही देरी को लेकर सोशल मीडिया में सवाल उठाए गए थे। पूर्व बार संघ अध्यक्ष ने कहा गुरुवार दोपहर को कमल रावत न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं से वार्ता कर रहे थे इसी दौरान पुलिस की टीम ने न्यायालय परिसर में पहुंचकर उन्हें जबरन उठा लिया । उन्होंने इस घटना पर नाराजगी जताते हुए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन करार दिया। घटना पर अधिवक्ताओं ने नाराजगी जताते हुए जिला सत्र न्यायाधीश को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने में कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## समझौते के लिए पीड़िता के पिता को 50 लाख देने की पेशकश का पत्र सोशल मीडिया में वायरल

**चंपावत।** सोशल मीडिया में एक पत्र सनसनी बना हुआ है जिसमें दुष्कर्म मामले में समझौते के लिए पीड़िता के पिता को 50 लाख रुपए देने की पेशकश की गई है। पत्र एसपी चंपावत के नाम संबोधित है। पत्र लिखने वाले ने खुद को पीड़िता का चचेरा भाई बताया है। इस मामले को महिला कांग्रेस के द्वारा एसपी चंपावत के सामने रखा गया। मामले में एसपी चंपावत ने कहा अगर इस तरह का कोई पत्र है तो इस पत्र की जांच की जाएगी। फिलहाल यह मामला भी सुर्खी बना हुआ है। पत्र की सच्चाई क्या है या यह भी साजिश है इसका खुलासा पुलिस जांच के बाद होगा। महिला कांग्रेस के द्वारा पुलिस पर पीड़िता के पिता को जबरन कोतवाली में बैठाने के भी आरोप लगाए गए थे।

# कौशलम एक्सपो में बच्चों ने खूब दिखाई अपनी उद्यमशील मेधा



**लोहाघाट।** एससीईआरटी उत्तराखंड और उद्यम लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान लोहाघाट द्वारा एक दिवसीय जनपद स्तरीय कौशलम् प्रदर्शनी (एक्सपो- 2026) का शानदार आयोजन किया गया। डाइट प्राचार्य दिनेश खेतवाल तथा डॉ कमल गहतोड़ी के संचालन मे हुए कार्यक्रम का मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद लोहाघाट के अध्यक्ष गोविंद लाल वर्मा, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक उद्योग विभाग चंपावत पंकज तिवारी, प्रबंधक सुमेधा पंत,जनपद कौशलम् समन्वयक डॉ. कमल गहतोड़ी सहित समस्त अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एक्सपो के उद्घाटन अवसर पर कौशलम् समन्वयक डॉ. कमल गहतोड़ी ने बताया कि इस वर्ष प्रदर्शनी में बिजनेस सपोर्ट फंड सहायतित 17 विद्यालयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सभी प्रतिभागी विद्यालयों ने एक से बढ़कर एक उद्यमशील प्रोटोटाइप का प्रदर्शन किया एवं अपने नवाचारी उत्पादों को बाजार से जोड़ने के बेहतरीन तरीकों पर प्रस्तुतीकरण दिए। एक्सपो 2026 में तीन विद्यालयों ने प्रथम तीन स्थान प्राप्त कर और राज्य कौशलम् एक्सपो 2026 हेतु क्वालीफाई किया। प्रतिभागी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त वर्ष भर कौशलम् कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आठ उद्यमशील शिक्षकों अंजली अधिकारी, अतुल गुसाँई, विजय कुमार जोशी, दीपा पांडेय, ललित मोहन गोस्वामी, देवेंद्र कुमार पुनेठा, ज्योति राणा और बीना जोशी को भी पुरस्कृत किया गया। उद्यमशील फाउंडेशन के कुमाऊं प्रभारी तनुज अटवाल ने आगामी सत्र में जनपद में कौशलम् कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जरूरी टिप्स प्रदान किये। मुख्य अतिथि गोविंद वर्मा द्वारा डायट द्वारा जनपद में शैक्षिक उन्नयन एवं विद्यार्थियों की दक्षता विकास हेतु किए जा रहे कार्यों तथा बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रोटोटाइप की सराहना की। विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक उद्योग विभाग पंकज तिवारी द्वारा उद्योग विभाग द्वारा संचालित विविध व्यावसायिक कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया तथा डाइट एवं उद्योग विभाग के बेहतर समन्वयन द्वारा विद्यालयों हेतु प्रभावी व्यवसायिक योजनाओं पर कार्य करने का आश्वासन दिया गया। प्रदर्शनी में निर्णायक डायट प्रवक्ता कृष्ण सिंह ऐरी, डॉ अनिल कुमार मिश्रा और रामबालक मिश्रा रहे। प्राचार्य डाइट दिनेश खेतवाल ने कौशलम कार्यक्रम को बच्चों के कौशल विकास एवं उद्यमिता आधारित भविष्य हेतु मील का पत्थर बताया। उन्होंने बताया प्रथम तीन स्थानों में आने वाले विद्यालय राजस्थान में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता को लेकर छात्र-छात्राओ में भारी उत्साह नजर आया इस अवसर पर डॉ अवनीश कुमार शर्मा, डॉ लता आर्या, डॉ एल एस यादव, डॉ पारुल शर्मा, मनोज भाकुनी, दीपक सोराड़ी, शिवराज सिंह तड़ागी, भगवती जोशी, मंजू मेहता, योगेंद्र बिष्ट, संध्या पांडे, दिनेश गड़कोटी तथा डीएलएड प्रशिक्षु सहित समस्त विद्यालयों के छात्र-छात्र एवं मार्गदर्शन शिक्षक मौजूद रहे।

## पाइपलाइन लीकेज से सड़क पर जलभराव, समाधान की मांग

**सितारगंज।** नगर के तिरंगा चौराहे पर पिछले दो माह से पाइपलाइन लीकेज की समस्या से स्थानीय लोग परेशान हैं। सड़क पर लगातार पानी बहने से जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के विधानसभा अध्यक्ष संदीप कुमार ने जल संस्थान को ज्ञापन देकर जल्द समस्या के समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि सड़क पर पानी फैलने से दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी विभागीय अधिकारियों को मामले से अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया। उन्होंने विभाग से शीघ्र पाइपलाइन की मरम्मत कराने की मांग की है।

# दुष्कर्म मामले में महिला कांग्रेस का भाजपा कार्यालय में प्रदर्शन





## ➔ महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पहुंची चंपावत आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

## ➔ आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कोतवाली में धरने में बैठी महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

पर्वत प्रेरणा संवाददाता

**चंपावत ।** 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले ने प्रदेश की राजनीति को गर्मा दिया है। मामले में भाजपा पदाधिकारी का नाम आने पर मामला और भी गंभीर होता नजर आ रहा है। गुरुवार को मामले को लेकर महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला महिला कांग्रेस पदाधिकारियो व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ चंपावत पहुंची। जहां उन्होंने एसपी चंपावत रेखा यादव से मुलाकात की। महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने अभी तक मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा मामले में भाजपा नेता के शामिल होने से पुलिस व प्रशासन सरकार के दबाव में कार्य कर रहा है तथा आरोपियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा 24 घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद पुलिस अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर पाई और एसपी चंपावत के द्वारा उन्हें निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया जा रहा है। कहा उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली पर कतई विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा मामले में पुलिस काफी दबाव में है भाजपा के द्वारा आरोपियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कांग्रेस पार्टी इस घटना की निंदा करती है उन्होंने कहा जब तक नाबालिग को न्याय नहीं मिलेगा और आरोपियो की गिरफ्तारी नहीं होगी वह चंपावत में ही रहेंगी। उन्होंने एसपी चंपावत से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान उनकी मामले को लेकर एसपी चंपावत से बहस भी हुई। महिला प्रदेश अध्यक्ष ने कहा आज भाजपा शासन में प्रदेश की बेटियां सुरक्षित नहीं रही है। महिलाओं के साथ जितने भी दुष्कर्म के मामले सामने आए हैं उसमें भाजपा नेता जरूर शामिल पाए गए हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा अगर जल्द पीड़िता को इंसाफ नहीं मिलता है तथा आरोपियो की गिरफ्तारी नहीं होती है कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी वही मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व महिला कार्यकर्ता चंपावत कोतवाली में धरने में बैठ गई ।

कांग्रेस प्रदेश महिला अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा वह कार्यकर्ताओं के साथ चंपावत कोतवाली पहुंची तथा पुलिस से पीडित व उसके परिवार से मुलाकात करने की मांग की। उन्होंने बताया पर पुलिस के द्वारा उन्हें पीडित़ा व उसके पिता से नहीं मिलने दिया गया उन्होंने कहा जब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती है कांग्रेस का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कोतवाली में पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मामले में एसपी चंपावत रेखा यादव ने कहा पुलिस बिना किसी दबाव के पूर्ण निष्पक्षता से जांच कर रही है जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा। वही पूर्व विधायक हिमेश खर्कवाल ने एसपी द्वारा उनका फोन न उठाने पर नाराजगी जताई है।

### महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने की एसपी से मुलाकात

**चंपावत।** नाबालिग से दुष्कर्म मामले में गुरुवार को महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला चंपावत पहुंची। जहां उन्होंने मामले को लेकर एसपी चंपावत रेखा यादव से मुलाकात कर जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। तथा 24 घंटे से भी अधिक का समय बीत जाने पर आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर गहरी नाराजगी जताई। तो वही महिला कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में चंपावत में भाजपा कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया तथा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान पुतला दहन के समय पुलिस व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झड़प हुई। महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व महिला कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर कई गंभीर आरोप लगाए उन्होंने कहा पुलिस सत्ता के दबाव में आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। उन्होंने कहा जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी महिला कांग्रेस का प्रदर्शन जारी रहेगा। फिलहाल मामले को लेकर चंपावत की राजनीति गर्मा गई है। इस दौरान पूर्व विधायक हिमेश खर्कवाल, जिला अध्यक्ष चिराग फर्त्याल,, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री निर्मला गहतोड़ी पूर्व जिला अध्यक्ष पूरन कठायत, अशोक वर्मा, जीवन बिष्ट, अनंत शाह, पवन ढेक सहित महिला कांग्रेस कार्यकर्ता व कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा की दुष्कर्म का षड्यंत्र रचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग




### कांग्रेस मुख्यमंत्री की लोकप्रियता को नहीं पचा पा रही है बदनाम करने के लिए रच रही षड्यंत्र : भाजपा

**चंपावत।** पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले का पर्दाफाश कर दिया है। मामले को दुष्कर्म का रूप दिया गया था पुलिस व मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक नाबालिग से दुष्कर्म की कोई घटना नहीं हुई थी बल्कि भाजपा के निष्कासित पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल रावत के द्वारा बदला लेने के लिए नाबालिग को लालच देकर यह षड्यंत्र रचा गया था। मामले का पर्दाफाश होने पर भाजपा चंपावत ने चंपावत पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए निष्पक्ष जांच के लिए एसपी चंपावत रेखा यादव को धन्यवाद दिया।

भाजपा नेताओं ने कहा यह पूरा षड्यंत्र कांग्रेस पार्टी के द्वारा कमल रावत के साथ मिलकर रचा गया था। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस प्रदेश सचिव आनंद महरा पर षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया है। भाजपा नेताओं ने कहा कांग्रेस के पास कोई मुद्दे नहीं रह गए है। जिस कारण कांग्रेस षड्यंत्र रचकर मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रही है। भाजपा नेताओं ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की बढ़ती लोकप्रियता व उनके द्वारा प्रदेश में किए जा रहे विकास कार्यों को कांग्रेस पचा नहीं पा रही है। और षड्यंत्र रचकर मुख्यमंत्री व भाजपा की छवि खराब करने का प्रयास कर रही है। भाजपा नेताओं ने कहा हम चंपावत पुलिस को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने षड्यंत्र का पर्दाफाश किया तथा तीन बेगुनाह परिवारों को बर्बाद होने से बचा लिया। भाजपा नेताओं ने इस षड्यंत्र को घिनौना करार दिया है। कहा एक नाबालिग बच्ची व उसके वृद्ध पिता को लालच देकर षड्यंत्र में शामिल किया गया। षड्यंत्र कारियो के द्वारा बच्ची के भविष्य तक की परवाह नहीं की गई। भाजपा नेताओं ने कहा उल्टा महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में महिला कांग्रेस के द्वारा भाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया जो उनकी घटिया मानसिकता को दर्शाता है। भाजपा नेताओं ने चंपावत पुलिस व प्रशासन से ऐसे घिनौने षड्यंत्र को रचने वालों व एनएच जाम करने के लिए कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। भाजपा नेताओं ने कहा कांग्रेस के द्वारा झूठा षड्यंत्र राज कर पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन कर प्रदेश का माहौल खराब करने का कार्य किया है। जिसके लिए जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी। भाजपा नेताओं ने कहा भाजपा हमेशा मातृशक्ति का सम्मान करती है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, हेमा जोशी ,मुकेश महराना, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी, भाजपा प्रदेश मंत्री निर्मल महरा, शंकर दत्त पांडे, भाजपा जिला महामंत्री मुकेश कलखुड़िया सहित कई भाजपा नेता शामिल रहे।

## मेडिकल कॉलेज में वॉक इन इंटरव्यू आयोजित

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान तथा संबद्ध चिकित्सालय में विभिन्न विभागों में रिक्त संकाय पदों के लिए वॉक इन इंटरव्यू आयोजित किया गया। साक्षात्कार कुलपति, हेमवती नंदन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा लिया गया। समिति में निदेशक चिकित्सा शिक्षा तथा सदस्य सचिव एवं प्राचार्य डॉ. सी.पी. भैंसोड़ा शामिल रहे। संस्थान में प्रोफेसर के आठ, एसोसिएट प्रोफेसर के 40 तथा असिस्टेंट प्रोफेसर के 25 पद रिक्त हैं। कुल 73 पदों के सापेक्ष आयोजित साक्षात्कार में प्रोफेसर कम्युनिटी मेडिसिन के लिए एक, फार्माकोलॉजी असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए दो, असिस्टेंट प्रोफेसर सर्जरी के लिए एक, एसोसिएट प्रोफेसर सर्जरी के लिए एक तथा एसोसिएट प्रोफेसर पीडियाट्रिक्स के लिए एक अभ्यर्थी सहित कुल सात चिकित्सकों ने संविदा आधारित वॉक इन इंटरव्यू में प्रतिभाग किया।

## होमस्टे योजना के तहत 15 लाख तक की सहायता मिलेगी

**अल्मोड़ा।** दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास (होमस्टे) योजना के तहत जनपद में होमस्टे निर्माण के लिए पर्यटन विभाग की ओर से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 15 लाख रुपये तक की राजसहायता तथा 50 प्रतिशंत अथवा अधिकतम 1.50 लाख रुपये तक ब्याज राजसहायता पांच वर्षों तक प्रदान की जाएगी। उप निदेशक पर्यटन प्रकाश सिंह ने बताया कि योजना का लाभ लेने के इच्छुक उत्तराखंड के स्थायी निवासी मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के बाद सभी आवश्यक अभिलेखों सहित आवेदन पत्रावली की दो प्रतियां किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय, नियर होली-डे-होम, अल्मोड़ा में जमा करनी होंगी। उन्होंने बताया कि योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 05962-230180 पर संपर्क किया जा सकता है।

## अल्मोड़ा भाजयुमो नगर मंडल अध्यक्ष बने नीरज सांगा

**अल्मोड़ा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने नगर मंडल अध्यक्ष की घोषणा कर दी हैं। पार्टी जिला अध्यक्ष महेश नयाल की संस्तुति पर नीरज सांगा को मोर्चा का अल्मोड़ा नगर अध्यक्ष बनाया गया हैं। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा नीरज सांगा की सक्रियता, संगठनात्मक क्षमता और युवाओं के बीच मजबूत पकड़ देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई। इनको जिम्मेदारी मिलने पर विधायक मोहन सिंह मेहरा, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल, पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लटवाल, ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडू, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि रौतेला, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पंकज भाकुनी, भाजपा महा नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, पूर्व डीसीबी अध्यक्ष ललित लटवाल, भाजपा जिला महामंत्री दर्शन रावत, प्रकाश भट्ट, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष प्रकाश बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भरत भूषण, व्यपार मंडल जिला अध्यक्ष मनोज सिंह पवार, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नवीन बिष्ट, हवालबाग मंडल अध्यक्ष संजय बिष्ट समेत कई कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई।

# गोल्ज्यू महोत्सव में व्यापारिक मेले का पालिकाध्यक्ष प्रेमा ने किया उद्घाटन

## 14 से 16 मई तक होगा स्टार नाइट का आयोजन



**चंपावत।** नगर पालिका चंपावत के द्वारा गौरल चौड़ मैदान में आयोजित गोल्ज्यू महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार 7 मई को व्यावसायिक मेले का शुभारंभ गोरलचौड़ मैदान में नगर पालिकाध्यक्ष चंपावत प्रेमा पांडेय ने किया। उन्होंने कहा कि इस व्यवसायिक मेले से हथकरघा और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा।

इस मौके पर कलश यात्रा भी निकाली गई। पालिका अध्यक्ष ने बताया जनता की मांग पर इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पालिका अध्यक्ष ने जनता से अधिक से अधिक संख्या में आकर महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी भरत त्रिपाठी ने बताया कि व्यवसायिक मेले में स्थानीय व्यापारियों, कारीगरों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी के साथ विक्रय भी किया जाएगा। तथा अन्य राज्य से आए सैकड़ो व्यापारियों के द्वारा भी विभिन्न उत्पादों की दुकानें सजाई गई है।

तथा जनता के मनोरंजन के लिए मौत के कुएं के साथ-साथ झूले चरखे लगाए गए हैं। जिनका क्षेत्रीय जनता के द्वारा भरपूर आनंद लिया जा रहा है तथा मेले में आए उत्पादों की जमकर खरीदारी की जा रही है। उन्होंने बताया 4 मई से 13 मई तक होने वाला गोल्ज्यू महोत्सव की तिथि में मौसम खराब होने से बदलाव किया गया है। अब मेले का समापन 13 के स्थान पर 16 मई को होगा। महोत्सव में विद्यालयी स्तर की प्रतियोगिताएं, स्थानीय कलाकारों के कार्यक्रम और विभिन्न सांस्कृतिक दलों व स्टार कलाकारों की प्रस्तुतियां 14 मई से 16 मई तक होगी इस मौके पर दर्जा मंत्री श्याम नारायण पांडेय, सभासद प्रेमा चिल्कोटी, मणिप्रभा तिवारी, बबीता प्रहरी, पूजा वर्मा, रोहित बिष्ट, सूरज प्रहरी, सनी वर्मा, एडवोकेट शंकरदत्त पांडेय ईओ भरत त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

# जनसेवा में सक्रिय मनोज पाठक, स्वास्थ्य और योग के जरिए लोगों को दे रहे नई दिशा



**पर्वत प्रेरणा ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वर्षों से भाजपा में बूथ स्तर से लेकर मंडल, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न दायित्व निभा चुके मनोज पाठक आज भी जनता के बीच अपनी सक्रियता, संवेदनशीलता और जनसेवा के कारण विशेष पहचान बनाए हुए हैं। पूर्व प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख रहे मनोज पाठक अपने क्षेत्र कालाढूंगी में लगातार लोगों के सुख-दुख में सहभागी बन रहे हैं।

स्वयं पिछले एक-दो वर्षों से स्वास्थ्य संबंधी कठिन दौर से गुजरने और उपचार कराने के बावजूद उन्होंने समाजसेवा का कार्य नहीं छोड़ा। इलाज के बाद लौटे पाठक आज फिर पूरे समर्पण के साथ जनता के बीच सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। किसी भी दुर्घटना, बीमारी या जरूरतमंद परिवार की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचकर हरसंभव मदद करने का प्रयास करते हैं। यही कारण है कि क्षेत्र के लोगों का उनके प्रति विशेष लगाव देखने को मिलता है।

मनोज पाठक ने पिछले वर्षों कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के चुनाखान क्षेत्र में एक विशाल प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की। इस शिविर में 28 डॉक्टर की टीम ने मरीजों को देखा। इस दौरान 1772 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जबकि 62 जरूरतमंद लोगों को उनके घरों से लाकर आंखों का ऑपरेशन कराया गया। इस पहल से अनेक लोगों को नई रोशनी और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकी। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पाठक ने जज फार्म क्षेत्र में एक योग केंद्र की स्थापना भी की है, जहां प्रतिदिन 75 से अधिक लोग नियमित योगाभ्यास करते हैं। इसके अलावा अपने आवास पर भी वे नित्य योग कार्यक्रम आयोजित कराते हैं, जिसमें क्षेत्र के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।

शिविर में स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श और विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने शिविर को बेहद लाभकारी बताते हुए मनोज पाठक के प्रयासों की सराहना की।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मनोज पाठक केवल राजनीतिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि ऐसे जनसेवक हैं जो जनता की समस्याओं को अपना समझकर कार्य करते हैं। लम्बे समय तक बीमारी से संघर्ष के बाद भी उनका समाजसेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और योग के प्रति समर्पण क्षेत्र के लोगों के लिए प्रेरणा बना हुआ है। उनका कहना है कि आगे भी वह इस सेवा को जारी रखेंगे ।एक सप्ताह पूर्व उन्होंने आर टी ओ रोड स्थित एक विद्यालय में बहुत बड़ा स्वास्थ्य कैम्प लगवाया।

## गांव के गौरव-नगर के नायक अभियान के जरिए समाज के कर्मयोगियों को सम्मान

**हल्द्वानी।** भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज पाठक द्वारा कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में संचालित गांव के गौरव-नगर के नायक सम्मान अभियान के तहत समाज सेवा से जुड़े विभिन्न वर्गों के लोगों को सम्मानित किया जा रहा है। इस अभियान की सभी लोग सराहना कर रहे हैं। अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्राम चौकीदारों, विद्युत एवं पेयजल लाइनमैन, स्वच्छता कर्मियों, पूर्व सैनिकों, सैनिक परिवारों, ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों, वार्ड सदस्यों तथा स्थानीय समाजसेवियों को सम्मानित किया जा रहा है। श्री पाठक ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के उन लोगों को पहचान देना है, जो लंबे समय से बिना किसी अपेक्षा के जनसेवा में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव और नगर की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में इन लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि सैनिकों और पूर्व सैनिकों का सम्मान अभियान की प्राथमिकताओं में शामिल है। कार्यक्रमों में सैनिक परिवारों को भी सम्मानित किया जा रहा है। इस बीच, क्षेत्र में स्वास्थ्य और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए इकपर्णिका भवन तथा जज फार्म में निःशुल्क योग केंद्र भी संचालित किए जा रहे हैं, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग योग और प्राणायाम कर रहे हैं। पाठक ने बताया कि शिक्षा और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोकमणि दुमका सेवादीप निकेतन, टीकाराम गोपालदत्त सेवादीप निकेतन तथा इकपर्णिका लाइब्रेरी का संचालन भी किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में चल रहे सामाजिक सम्मान कार्यक्रमों और जनसेवा गतिविधियों से समाज में सकारात्मक वातावरण बना है।

## स्वामी विवेकानन्द की आदमकद मूर्ति लगाने को लेकर स्थलीय निरीक्षण

**अल्मोड़ा।** रामकृष्ण कुटीर, अल्मोड़ा द्वारा लोधिया के समीप विवेकानन्द की मूर्ति लगाने को लेकर गुरुवार को कुटीर के अध्यक्ष स्वामी ध्रुवेशानंद महाराज के संयोजन में स्वामी शुद्धिदानंद महाराज (अध्यक्ष, अद्वेत मायावती आश्रम, लोहाघाट), अल्मोड़ा नगर निगम के मेयर अजय वर्मा, इंजीनियर अनिंद्य रॉय, डॉ चंद्रप्रकाश फुलोरिया (संयोजक, स्वामी विवेकानन्द-महात्मा गांधी आध्यात्मिक पर्यटन परिपथ अध्ययन केंद्र) और सह संयोजक डॉ. ललित जोशी के द्वारा अल्मोड़ा से क्वारब तक स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्वामी ध्रुवेशानंद महाराज ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी इस आध्यात्मिक क्षेत्र अल्मोड़ा में आये हैं। जब उनका आगमन हुआ था तो लोधिया से अल्मोड़ा का जनमानस उन्हें स्वागत करते हुए अल्मोड़ा लेकर आये। तब यह एक ऐतिहासिक क्षण रहा है। इस ऐतिहासिक क्षण को ध्यान में रखते हुए स्थलीय निरीक्षण किया गया।

## युवक का शव मिला

**अल्मोड़ा।** फलसीमा क्षेत्र में एक युवक का शव मिला है। आईटीआई संस्थान के पास राह चलते लोगों ने ने युवक को मृत अवस्था में देखा, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। मृतक की पहचान गंगोलीहाट, जिला पिथौरागढ़ निवासी दीपक सिंह के रूप में हुई है। पुलिस को युवक के पास से जहरीला पदार्थ भी बरामद हुआ है। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बेस अस्पताल भेज दिया है।

# सीएम धामी ने चौकोड़ी में विधायक चुफाल की पुत्री के विवाह में की शिरकत



**पिथौरागढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के तहत आज चौकोड़ी पहुंचे, जहां उनका भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भव्य एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के चौकोड़ी आगमन पर लगभग 700 से 800 भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत करते हुए नारेबाजी कर उनका अभिनंदन किया। पूरे क्षेत्र में उत्साह एवं उल्लास का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर माननीय विधायक गंगोलीहाट फकीर राम टम्टा, नगर पालिका अध्यक्ष विमल रावल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री के आगमन पर पुलिस विभाग द्वारा उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। पुलिस टुकड़ी द्वारा दी गई सलामी के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण कर पुलिस बल का अभिवादन स्वीकार किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने माननीय विधायक डीडीहाट बिशन सिंह चुफाल की सुपुत्री एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपिका चुफाल के वैवाहिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने नवविवाहित जोड़े को शुभाशीष देते हुए उनके सुखद एवं उज्ज्वल दांपत्य जीवन की कामना की।

# माँ पूर्णागिरि धाम तक अब रोशनी से जगमगाएगा यात्रा मार्ग

## सीएम धामी ने 2 करोड़ की प्रथम किश्त स्वीकृत

### 1500 आधुनिक स्ट्रीट लाइटों से सुसज्जित होगा पूर्णागिरि मार्ग

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा धार्मिक पर्यटन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत स्थित विश्वप्रसिद्ध माँ पूर्णागिरि धाम यात्रा मार्ग के विकास हेतु बड़ी सौगात दी है।मुख्यमंत्री धामी ने माँ पूर्णागिरि यात्रा मार्ग स्थित टनकपुर के ककराली गेट से माँ पूर्णागिरि धाम तक पथ प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए स्वीकृत योजना के सापेक्ष 2 करोड़ की प्रथम किश्त की वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है।

इस महत्वाकांक्षी योजना के पूर्ण होने के बाद सम्पूर्ण यात्रा मार्ग आधुनिक स्ट्रीट लाइटों से जगमगा उठेगा, जिससे श्रद्धालुओं को रात्रिकालीन आवागमन में बड़ी सुविधा और सुरक्षा मिलेगी।यह परियोजना मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 688/2024 के अंतर्गत संचालित की जा रही है। योजना के तहत ककराली गेट से भैरव मंदिर होते हुए मुख्य मंदिर तक व्यापक विद्युत एवं पथ प्रकाश व्यवस्था विकसित की जाएगी।तकनीकी जानकारी देते हुए यूपीसीएल के एसडीओ संजय भंडारी ने बताया कि योजना के अंतर्गत 0.650 किलोमीटर 11 केवी लाइन, 20 किलोमीटर एलटी ओवरहेड लाइन तथा 4.5 किलोमीटर भूमिगत एलटी लाइन का निर्माण किया जाएगा। साथ ही विद्युत आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने के लिए 25 केवीए क्षमता के 05 तथा 63 केवीए क्षमता के 03 नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे। परियोजना पूर्ण होने पर पूरे यात्रा मार्ग में कुल 1500 अत्याधुनिक स्ट्रीट लाइटें स्थापित की जाएंगी।जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि माँ पूर्णागिरि धाम आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी औपचारिक प्रक्रियाएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करते हुए कार्य को निर्धारित अवधि में धरातल पर उतारा जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से न केवल श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी, बल्कि स्थानीय पर्यटन, व्यापार एवं क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी। साथ ही माँ पूर्णागिरि यात्रा मार्ग वर्षभर सुरक्षित एवं व्यवस्थित संचालन के लिए और अधिक सक्षम बन सकेगा।

# युवक आत्महत्या मामले में पूरी खैरना चौकी सस्पेंड

**नैनीताल।** युवक आत्महत्या मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामले में गंभीर आरोप सामने आने के बाद एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने कड़ा रुख अपनाते हुए पूरी खैरना चौकी को ही सस्पेंड कर दिया। चौकी प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर पुलिस लाइन भेज दिया गया है।

बताया जा रहा है कि बेतालघाट क्षेत्र के लोहाली गांव निवासी बालम सिंह बिष्ट ने आत्महत्या कर ली थी। युवक की मौत के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे थे। मृतक की बहन की तहरीर और युवक द्वारा छोड़े गए कथित सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस प्रशासन ने यह सख्त कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक 28 अप्रैल को बालम सिंह बिष्ट खैरना क्षेत्र में नदी और पहाड़ी का वीडियो बना रहा था।

इसी दौरान उसकी पुलिसकर्मियों से कहासुनी हो गई। पुलिस ने युवक का मेडिकल कराया, जिसमें शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस एक्ट में चालान कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि घर लौटते समय युवक ने अपनी बहन मुन्नी जलाला और जीजा को फोन कर पुलिसकर्मियों द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने की जानकारी दी थी। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उसका सिम कार्ड तोड़ दिया और पांच हजार रुपये भी छीन लिए। परिवार का कहना है कि इसी मानसिक तनाव के चलते युवक ने आत्मघाती कदम उठाया। मृतक द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट में भी पुलिसकर्मियों पर दुर्व्यवहार के आरोप लगाए गए हैं। इसके बाद मृतक की बहन मुन्नी ने मुकदमा दर्ज कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने खैरना चौकी प्रभारी रमेश पंत, एक महिला पुलिसकर्मी सहित कुल पांच कर्मियों को निलंबित कर पुलिस लाइन भेज दिया। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने कहा कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं खैरना चौकी में नई तैनाती भी कर दी गई है।

## नगर की यातायात व्यवस्था में समय संशोधन की मांग

**अल्मोड़ा।** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजीव गुरुरानी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर नगर की यातायात व्यवस्था में विद्यालय समय परिवर्तन के अनुरूप आवश्यक संशोधन किए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि एन.डी. फायर स्टेशन से शिखर होटल तिराहे तक विद्यालयीय समय में यातायात प्रतिबंधित रहता है, लेकिन बढ़ती गर्मी के चलते शासन द्वारा विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया गया है। पूर्व में प्रातः 9 बजे से संचालित होने वाले विद्यालय अब सुबह लगभग 7 बजे से लग रहे हैं, जिससे वर्तमान यातायात व्यवस्था में बदलाव आवश्यक हो गया है। शिष्टमंडल ने विद्यालयों के नए समय के अनुरूप यातायात प्रतिबंध लागू करने की मांग की, ताकि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म का आरोप, आरोपी पर केस

**सितारगंज।** शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने और बाद में मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में एक वार्ड निवासी युवती ने बताया कि वार्ड नंबर 8 निवासी वसीम ने उससे शादी का वादा किया था। आरोप है कि इसी भरोसे में रखकर युवक ने कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में जब युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी मुकर गया। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट भी की। इसके बाद युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।